# || लेके पूजा की थाली भजन ||

Chalisamantras.com

लेके पूजा की थाली,
जोत मन की जगाली,
तेरी आरती उतारूँ,
भोली माँ ।

तू जो दे दे सहारा,
सुख जीवन का सारा,
तेरे चरणों पे वारूँ भोली माँ,
ओ माँ ओ माँ ।

लेके पूजा की थाली,
जोत मन की जगाली,
तेरी आरती उतारूँ,
भोली माँ ।

तू जो दे दे सहारा,
सुख जीवन का सारा,
तेरे चरणों पे वारूँ भोली माँ,
ओ माँ ओ माँ ।

धूल तेरे चरणों की लेकर,
माथे तिलक लगाया,
यही कामना लेकर मैया,
द्वार तेरे मैं आया,
रहूँ मैं तेरा हो के,
तेरी सेवा में खो के,
सारा जीवन गुजारूं भोली माँ ।

तू जो दे दे सहारा,
सुख जीवन का सारा,

Chalisamantras.com

तेरे चरणों पे वारूँ भोली माँ,
ओ माँ ओ माँ ।

सफल हुआ ये जनम के मैं था,
जन्मों से कंगाल,
तुने भक्ति का धन दे के,
कर दिया मालामाल,
रहे जब तक ये प्राण,
करूँ तेरा ही ध्यान,
नाम तेरा पुकारूं भोली माँ ।

तू जो दे दे सहारा,
सुख जीवन का सारा,
तेरे चरणों पे वारूँ भोली माँ,
ओ माँ ओ माँ ।

लेके पूजा की थाली,
जोत मन की जगाली,
तेरी आरती उतारूँ,
भोली माँ ।

तू जो दे दे सहारा,
सुख जीवन का सारा,
तेरे चरणों पे वारूँ भोली माँ,
ओ माँ ओ माँ ।

Chalisamantras.com